उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 22 फाल्गुन, शक संवत्, 1928
( दिनांक : 13 मार्च, 2007 )

समय : 03 : 00 बजे अपराह्न

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।

2. श्री अध्यक्ष, श्री राज्यपाल के अभिभाषण को पढ़कर सुनायेंगे।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 13 मार्च, 2007

(महेश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुदर्शन अग्रवाल
राज्यपाल / कुलाधिपति

राजभवन
देहरादून - 248 003

मार्च 08 , 2007

" भारत का संविधान " के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके मैं, सुदर्शन अग्रवाल, राज्यपाल, उत्तराखण्ड श्री मातवर सिंह कण्डारी, जो निर्वाचन क्षेत्र रुद्रप्रयाग से विधानसभा के सदस्य हैं, को उस समय तक के लिये जब तक कि संविधान के अनुच्छेद 178 के अनुसार विधानसभा द्वारा अध्यक्ष का निर्वाचन न कर लिया जाय, संविधान के अनुच्छेद 179 के द्वितीय परन्तुक के अधीन रहते हुये, अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर, अध्यक्ष पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिये नियुक्त करता हूँ।

सुदर्शन अग्रवाल
(सुदर्शन अग्रवाल)

राज्यपाल , उत्तराखण्ड

FROM : P. S. TO SEC GOVERNOR FAX NO. : 0091 135 2757434 Mar. 08 2007 03:12PM P1

श्रीमती इन्दिरा आशीष
सचिव।

अ०शा०पत्रांक ९९५/33(2)/2007
संसदीय कार्य
विधानभवन, देहरादून।

देहरादून दिनाँक : 8 मार्च 2007

प्रिय श्री महेश चन्द्र जी

मुझे आपको यह सूचित करने की अपेक्षा की गयी है कि संविधान के अनुच्छेद 180 तथा 188 के अन्तर्गत श्री राज्यपाल ने विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान कराने के लिये श्री हरबंस कपूर तथा अध्यक्ष पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिये श्री मातबर सिंह कण्डारी को प्रोटेम स्पीकर के रूप में नियुक्त किया है। तदनुसार श्री राज्यपाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्न हैं।

संलग्नः— यथोपरि।

8.3.07

(श्रीमती इन्दिरा आशीष)

श्री महेश चन्द्र,
सचिव,
विधानसभा,
उत्तराखण्ड।

8/3/07

उत्तराखंड शासन
विधायी, संसदीय कार्य एवं भाषा विभाग
संख्याः1000/विधायी एवं संसदीय कार्य/2007
दिनांकः देहरादून 08 मार्च, 2007

सचिव,
विधान सभा,
उत्तराखंड देहरादून।

प्रोटेम स्पीकर, उत्तराखंड विधान सभा के माननीय सदस्य गणों की शपथ ग्रहण तथा उत्तराखंड विधान सभा अध्यक्ष के चुनाव सम्बन्धी प्रस्ताव दिये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त हेतु कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित कर दिया गया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 1- दिनांक 9-3-2007 | प्रातः 10.00 | प्रोटेम स्पीकर का राजभवन में शपथ ग्रहण |
| 2- दिनांक 9-3-2007 | प्रातः 12.00 | विधान सभा में माननीय सदस्य गणों का शपथ ग्रहण। |
| 3- दिनांक 12-3-2007 | प्रातः 11.00 | विधान सभा में विधान सभा अध्यक्ष का चुनाव |

8.3.07

( श्रीमती इन्दिरा आशीष )
सचिव

8/03/07